प्रेस नोट
दिनांक 25.02.2025

पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत दुखःहरण नाथ मंदिर पर भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था हेतु की गई तैयारियों का लिया गया जायजा, पर्व को सकुशल एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने, मेला व शोभायात्रा की सुरक्षा को लेकर सम्बन्धित अधिकारियों को दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश–

गोण्डा। आज दिनांक 25.02.2025 को पुलिस अधीक्षक गोंडा श्री विनीत जायसवाल द्वारा महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत दुखःहरण नाथ मन्दिर पर भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था हेतु की गई तैयारियों का जायजा लिया गया। महोदय द्वारा मंदिर परिसर में लगी बैरिकेटिंग व साफ–सफाई की स्थिति को देखकर मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के समस्त सुरक्षा प्रबंधों को पुख्ता करने के निर्देश प्र0नि0 को0 नगर को दिए गए।

महोदय द्वारा बताया गया कि महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत जनपद के सभी शिवालयों पर सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा भ्रमण कर स्थिति का जायजा ले लिया गया है तथा स्वयं के स्तर पर समीक्षा कर ली गयी है। समस्त राजपत्रित अधिकारीगण सभी धर्मगुरूओं, आयोजको, शान्ति समितियों के साथ पीस कमेटी की बैठक कर ली गयी है। सभी संवेदनशील जगहों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। दुखःहरण नाथ मन्दिर सहित जनपद के सभी शिवालयों में शिवरात्रि मेला का आयोजन किया जाएगा, जिसमें मंदिर पर भीड़–भाड़ रहेगी। महाशिवरात्रि मेले में नदी/घाटों से दर्शनार्थी जल लेकर जाएगें जिसके दृष्टिगत नदी/घाटों पर बैरिकेटिंग तथा गोताखोर की भी व्यवस्था सुनिश्चित की गयी है। जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों, थाना/चौकी प्रभारियों, बीट कर्मियों को लगातार क्षेत्र में भ्रमणशील रहने हेतु निर्देशित किया गया। गैर परम्परागत आयोजन की अनुमति नही दी जा रही है। पूर्व से निर्धारित रास्ते से ही पर्याप्त पुलिस बल के साथ शोभायात्रा निकाली जायेगी। सभी शिवालयों पर वर्दी/सादे वस्त्रों में महिला व पुरुष पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगायी गयी है। मिश्रित आबादी एवं संवेदनशील क्षेत्रों में क्यू0आर0टी0 के साथ पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगायी गयी है। महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर कॉवड़ मार्गों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल सहित यूपी 112 के वाहनों को भी आवश्यकतानुसार रूट चार्ट बना कर व्यवस्थापन कर लिया गया है। वैकल्पिक मार्गों का चिन्हीकरण करते हुए ट्रैफिक डायवर्जन व्यवस्था पूर्ण कर ली गयी है। स्थानीय अभिसूचना इकाई के अधिकारियों/कर्मचारियों को समायिक सूचना के प्रति और अधिक सतर्क कर दिया गया है तथा प्रत्येक छोटी सी छोटी सूचना को गम्भीरता से लेते हुये तत्परतापूर्वक यथोचित विधिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्मों की मॉनिटरिंग की जा रही है। भ्रामक/आपत्तिजनक पोस्ट एवं अफवाह फैलाने वालों के विरूद्ध कठोरतम कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

इस अवसर पर प्र0नि0 को0 नगर सहित अन्य अधि0/कर्मचारीगण मौजूद रहें।

मीडिया सेल गोण्डा